भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-154**

उत्तर देने की तारीख-04/12/2023

**यूएई के साथ शैक्षिक सहयोग**

**†154. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**

**श्री सुधीर गुप्ता:**

**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :**

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :**

**श्री प्रतापराव जाधव:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ किसी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि दोनों देशों के बीच मौजूदा शैक्षिक सहयोग को सुदृढ़ किया जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार संयुक्त अरब अमीरात में कार्यरत केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध भारतीय विद्यालयों को सहायता प्रदान करने के लिए दुबई में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का कार्यालय खोलने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में किए गए कार्य का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने के लिए दोनों देशों के संयुक्त कार्य दल का गठन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) द्विपक्षीय संबंधों के सुदृढ़ स्तंभों में से एक शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को और बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अन्य कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुभाष सरकार)**

(क): संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार और भारत गणराज्य की सरकार के बीच शिक्षा के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर नवंबर 2023 में हस्ताक्षर किए गए थे।

(ख): इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत शामिल सहयोग के क्षेत्रों में सामान्य और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सूचना और सर्वोत्तम पद्धतियों का आदान-प्रदान, राष्ट्रीय अर्हता रूपरेखा, तकनीकी और

व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टीवीईटी) शिक्षण कर्मचारियों का क्षमता विकास, दोनों देशों में युगल, संयुक्त उपाधि और दोहरी उपाधि कार्यक्रम प्रदान करने के लिए उच्च शैक्षिक संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग शामिल हैं।

(ग) और (घ): केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दिनांक 14.06.2023 की शासी निकाय की बैठक में यथा अनुमोदित, समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से एक ऑफ-शोर क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने की व्यवहार्यता का आकलन करने हेतु सीबीएसई द्वारा एक समिति नियुक्त की गई थी। संयुक्त अरब अमीरात में लगभग 200 सीबीएसई स्कूल हैं। वर्तमान में, समिति सक्रिय रूप से इस अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना संबंधी बारीकियों पर कार्य कर रही है।

(ड़) संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए दोनों सरकारों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में एक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) का प्रावधान शामिल है। प्रस्तावित जेडब्ल्यूजी संयुक्त अरब अमीरात के साथ डिग्री और कौशल विकास की मान्यता और समकक्षता सहित शिक्षा से संबंधित सभी मामलों पर ध्यान देने के लिए एक संस्थागत मंच प्रदान करेगा।

(च): राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ) के अध्यक्ष और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी), राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड/राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क(एनबीए/एनआईआरएफ), स्वास्थ्य मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में एक दल ने सितंबर 2023 में संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया और संयुक्त अरब अमीरात में संबंधित हितधारकों के साथ डिग्री (मेडिकल डिग्री सहित) की मान्यता और समकक्षता के मुद्दों पर चर्चा की।

अबू धाबी में आईआईटी दिल्ली के परिसर की स्थापना के लिए दिनांक 15.07.2023 को शिक्षा मंत्रालय (एमओई), भारत सरकार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली और अबू धाबी शिक्षा और ज्ञान विभाग (संयुक्त अरब अमीरात) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

*****